हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 सितंबर 2025

04 पुलिस की ड्यूटी सिर्फ कागजों पर में चोरों की...



07 जालपा मां के दरबार तक हजारों हाथों ने थामी...





## खबर संक्षेप

### अशासकीय विद्यालयों का मान्यता नवीनीकरण 10 अक्टूबर तक

**सीहोर**। शिक्षण-सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों में मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गई है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स, जिला परियोजना समन्वयक और विकासखण्ड स्रोत समन्वयक को निर्देश जारी किए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र ने जानकारी दी है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत कक्षा-1 से 8 तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। अशासकीय विद्यालयों ने सत्र 2025-26 के लिये मान्यता नवीनीकरण आवेदन नहीं किया है। अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मान्यता नवीनीकरण के लिये विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रुपए के साथ आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। निर्धारित प्रक्रिया से मान्यता नवीनीकरण आवेदन करने के लिये पोर्टल 29 सितम्बर, 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। आधार सेवा सर्विस कार्यवाही 3 से 5 अक्टूबर तक स्थगित रहेगी।

### जिला चिकित्सालय में वृद्धजन देखभाल शिविर कल

**सीहोर**। राष्ट्रीय वृद्धजन देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 01 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक सीहोर जिला चिकित्सालय की डीईआईसी भवन में राष्ट्रीय वृद्धजन देखभाल शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में पहुंचकर वृद्धजन स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

### दिव्यांगों को 2 अक्टूबर को सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा

**सीहोर**। राज्य सरकार द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय पर दिव्यांगजन चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में शिविर में दिव्यांगों को 2 अक्टूबर तक उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। जिला मुख्यालयों पर शिविर में दिव्यांगजनों की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण जैसे श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, कृत्रिम अंग आदि का निःशुल्क वितरण होगा।

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने बुधनी में आयोजित रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

# बीमारी का छोटे स्वरूप में ही उसका उपचार कर दिया जाए तो वह खत्म हो जाती है: शिवराज सिंह

बुधनी सिविल अस्पताल में आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविर में 1978 महिलाओं एवं किशोरियों तथा 569 पुरूषों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान गईं। शिविर में जांच के दौरान सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी





केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी सिविल अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया। शुभारंभ के पश्चात उन्होंने शिविर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने रक्तदान करने वाले नागरिकों से संवाद किया और उन्हें रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उन्होंने निक्षय मित्र अभियान के तहत टीबी मरीजों को फूड बास्केट भी वितरित किए।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि हमारी माताएं और बहनें मां दूर्गा की सच्ची मूरत हैं और इनकी सेवा ही मां दुर्गा की सेवा है। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है, जिस परिवार की नारी स्वस्थ होती है, वह परिवार सशक्तिकरण और विकास की तरफ आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हमारी माताएं और बहनें स्वस्थ रहें इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में स्वास्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत माताओं और बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है ताकि किसी बीमारी की संभावना होने पर त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके।

उन्होंने कहा कि जब कोई बीमारी छोटे स्वरूप में होती है तब उसका उपचार कर दिया जाए तो वह खत्म हो जाती है, पर अगर वही बीमारी समय के साथ बढ़ जाए तो, वह हमारे जीवन को प्रभावित करती है। उन्होंने माताओं बहनों को प्रेरित करते हुए कहा कि अभियान के तहत लगाए जा रहे शिविरों में विशेषज्ञों द्वारा बीमारियों की जांच की जा रही है, इन शिविरों में सभी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और बीमारी का पता चलने पर त्वरित उपचार लें, ताकि बीमारी को खत्म किया जा सके और आप स्वस्थ रहें। इस अवसर पर बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, अनुसूचित जनजाति वित्त विकास निगम की अध्यक्ष निर्माला बारेला, रघुनाथ सिंह भाटी, रवि मालवीय, सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नगरिक उपस्थित थे।

### 2517 हितग्राहियों को प्रदान की गई स्वास्थ्य सेवाएं

बुधनी सिविल अस्पताल में आयोजित किए गए इस स्वास्थ्य शिविर में 1978 महिलाओं एवं किशोरियों तथा 569 पुरूषों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान गईं। शिविर में जांच के दौरान सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया गया।

# हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज निर्माण पर नाराजगी सर्विस रोड नहीं होने से नागरिक असंतुष्ट

### कांग्रेस ने विरोध जताया और आंदोलन की चेतावनी दी



**सीहोर**। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज को लेकर स्थानीय निवासियों में असंतोष है। पुल के डिजाइन और दोनों ओर सर्विस रोड न होने से लोग नाराज हैं। क्षेत्र के निवासियों ने इस संबंध में अधिकारियों को कई ज्ञापन सौंपे हैं। अधिकारियों द्वारा सुनवाई न होने पर उन्होंने 'देवी जी' को भी ज्ञापन दिया, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने इस ओवरब्रिज के निर्माण पर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि यह पुल नागरिकों के आवागमन के मापदंडों के अनुसार उचित नहीं है। गुजराती के अनुसार, पुराने हाईवे से प्रतिदिन हजारों स्कूली और कॉलेज विद्यार्थी गुजरते हैं। हाउसिंग बोर्ड, कृष्णा नगर और नगर सुधार न्यास जैसी कॉलोनियों के निवासियों का आवागमन भी इसी सर्विस रोड से होता है, जिससे सड़क पर भारी यातायात रहता है।

उन्होंने चिंता व्यक्त की कि ओवरब्रिज की ड्राइंग के समय ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि पुल जहां उतरेगा, वहां निजी भूमि आएगी। इसके परिणामस्वरूप केवल एक तरफ से सर्विस रोड दिया जा रहा है, जिससे सभी नागरिकों को एक ही तरफ से चढ़ना और उतरना पड़ेगा। यह स्थिति बाहरी वाहनों के साथ दुर्घटनाओं का अंदेशा बढ़ाती है। गुजराती ने मांग की है कि पुल पर दोनों तरफ सर्विस रोड बनाया जाए ताकि नागरिकों को आवागमन में सुगमता हो और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस सिंगल-वे ओवरब्रिज का विरोध करती है और जब तक दूसरी ओर से सर्विस रोड नहीं बन जाता, तब तक क्षेत्रीय नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन करने की तैयारी कर रही है।

# मरीह माता मंदिर में आज रात्रि बारह बजे की जाएगी महानिशा आरती और नवमीं पर विशाल भंडारा

### एक हजार से अधिक चुनरी का किया जाएगा वितरण



**सीहोर**। शहर के विश्राम घाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी शारदीय नवरात्रि का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिदिन कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर श्रद्धालुओं के द्वारा प्रतिदिन बड़ी संख्या में कन्याओं की पूजा अर्चना के भोजन प्रसादी का वितरण के पश्चात तिलककर कन्याओं का सम्मान किया गया। सोमवार को सुबह हवन किया गया था, साथ ही यहां पर मौजूद मंदिर के प्रबंधक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जिला संस्कार मंच के जितेन्द्र तिवारी, पंडित उमेश दुबे सहित अन्य ने देवी का सोलह श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात मां कालरात्रि माता का आह्वान किया। मंगलवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रात्रि बारह बजे महानिशा आरती की जाएगी और नवमीं को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महानिशा आरती के दौरान एक हजार से अधिक चुनरी का वितरण किया जाएगा।

जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कालरात्रि माता को देवी दुर्गा के नौ रूपों में से सातवां स्वरूप कहा गया है। नवरात्र के सातवें दिन माता के इसी स्वरूप को ध्यान में रखकर इनकी पूजा की जाती है। देवी का यह नाम उनके स्वरूप के कारण से है। इस स्वरूप में माता का वर्ण काजल के समान काला है। कथा है कि शुंभ-निशुंभ और उसकी सेना को देखकर देवी को भयंकर क्रोध आया और इनका वर्ण श्यामल हो गया। इसी श्यामल स्वरूप से देवी कालरात्रि का प्राकट्य हुआ।

देवी के कालरात्रि की चार भुजाएं हैं। ऊपर की दाहिनी भुजा से माता भक्तों को वर प्रदान करती हैं और नीचली दायीं भुजा से अभय देती हैं जबकि बायीं भुजाओं में माता खड्ग और कंटीला मूसल धरण करती हैं। कहीं-कहीं माता के हाथों में खड्ग और कटोरी भी बताया जाता है। माता कालरात्रि के बाल खुले हुए हैं और गले में विद्युत की माला शोभा पा रही है जिसकी चमक से ऐसे प्रतीत होता है कि बिजली चमक रही हो। क्रोध में माता की नासिका से अग्नि धधकती है। माता कालरात्रि का वाहन गर्दभ है। माता कालरात्रि के इस भंयकर स्वरूप को देखकर असुर और नकारात्मक शक्तियां भयभीत होती हैं। लेकिन माता कालरात्रि भक्तों पर परम अनुकंपा दर्शाने वाली हैं। भक्तों के लिए सुलभ और ममतामयी होने की वजह से माता को शुभंकरी भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह महागौरी की विशेष पूजा अर्चना के पश्चात रात्रि बारह बजे महानिशा की आरती का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर श्मशान घाट के समीप स्थित माता मंदिर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहेंगे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायतों को मिली सौगात

# 75 लाख से बनेंगे नए सर्वसुविधा युक्त ग्राम पंचायत भवन, किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ग्रामीणों को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नए ग्राम पंचायत भवनों की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। सोमवार को विधायक सुदेश राय ने नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए बिजोरी और कोडिय़ा छीतू में भूमि पूजन कर दिया है। विधानसभा क्षेत्र के दोनों गांवों में 75 लाख रूपये की लागत से सर्वसुविधा युक्त पंचायत भवनों का निर्माण किया जाना तय किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को भाजपा के द्वारा सेवा पखवाड़ा के रूम में मनाया जा रहा है इसी क्रम में जनपद पंचायत सीहोर की ग्राम पंचायत बिजोरी और कोडिय़ा छीतू में विधायक सुदेश राय के मुख्य अतिथिय में ग्राम पंचायत के सरंपच सचिव और ग्रामवासियों की उपस्थिति में नवीन पंचायत भवन निर्माण की आधार शिला रखी गई। कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य जितेंद्र वर्मा,भाजपा श्यामपुर मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मेवाड़ा सरपंच मतीन खान और सरपंच प्रतिनिधि राकेश,आकाश वर्मा सहित ग्रामीणजनों के द्वारा मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय का फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि ग्राम विकास के लिए ग्राम सरकार मजबूत होना जरूरी है बिजोरी में 37 लाख 50 हजार रूपये और कोडिय़ा छीतू में भी इतनी ही राशि से ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कराया जाएगा इन भवनों में पंचायत सदस्यों के लिए जरूरी सभी उपकरण होंगे और मिटिंग के लिए भी पर्याप्त स्थान होगा। सुलभता के साथ पंच सरपंच सचिव ग्राम विकास को लेकर चर्चा करेंगे। उन्होने कहा की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में सभी गांव विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं पैसे की कोई कमी नहीं है। आप प्रस्ताव भेजिए सब काम होंगे।

# मां की आराधना से साहस, विजय और सौभाग्य प्राप्त होता है: कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा



**सीहोर**। देवी की आराधना करने के लिए आप नवरात्रि में कन्याओं को भोजन कराएं और उन्हें लाल चुनरी या लाल वस्त्र दें, जिससे घर में प्रेम और सुख-समृद्धि का वास होगा। मां की आराधना से साहस, विजय और सौभाग्य प्राप्त होता है। यह बात अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कही। सोमवार को भी कुबेरेश्वरधाम पर हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने यहां पर कंकर-कंकर में शंकर की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर भक्तों को यहां पर नियमित रूप से चल रहे निशुल्क भोजन भंडारे में विठलेश सेवा समिति की ओर से प्रसादी का वितरण किया। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि पर यहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पहुंच रहे हैं।

वहीं नियमित रूप से आधुनिक रसोईघर से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क रूप से भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी तीन अक्टूबर से महाराष्ट्र में गुरुदेव की आन लाइन कथा का आयोजन किया जाएगा।

# जिले में अब तक 1057.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज



**सीहोर**। जिले में बीते24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 15.1 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 0.0, एमएम, श्यामपुर में 0.0, आष्टा में 0.0, जावर में 4.0, इछावर में 0.0, भैरूंदा में 98.0, बुधनी में 12.4, रेहटी में 6.2 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 1 जून से 29 सितम्बर को प्रातः 8 बजे तक 1057.2 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1109.4 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 29 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 926.2, एमएम, श्यामपुर में 939.0, आष्टा में 867.0, जावर में 800.0, इछावर में 917.3, भैरूंदा में 1185.0, बुधनी में 1528.2 तथा रेहटी में 1294.8 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

खबर संक्षेप



## कलाकार अरहान पटेल का पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने किया स्वागत

**सीहोर।** फिल्म तू मेरी पूरी कहानी के मुख्य कलाकार अरहान पटेल सीहोर पहुंचे। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय सहित उनके समर्थकों और सिनेमा प्रेमियों ने उनका स्वागत किया। इससे पहले फिल्म स्टार हीरो रणविजय से भेंट की थी। श्री राय ने कलाकार पटेल से कहाकि हमारा सीहोर फिल्म के लिए आदर्श स्थल है। जिले में फिल्मों की शूटिंग के लिए एक अनुकूल माहौल है। सीहोर का प्राकृतिक सौंदर्य और आसपास के गांवों का वातावरण फिल्म निर्माताओं की पसंद बन गया है। अब जिले के गांवों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिल रही है। अरहान पटेल अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए सीहोर आए थे। उनकी फिल्म तू मेरी पूरी कहानी इन दिनों सीहोर के लिसा टॉकीज में प्रदर्शित हो रही है। पटेल का सीहोर के मुख्य मार्गों और लिसा टॉकीज में स्वागत किया गया।

## अजीम प्रेमजी फाउडेशन स्कॉलरशिप के लिए 30 तक ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के दवारा उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहीं छात्राओं के लिए 30 हजार रुपये प्रति वर्ष स्कॉलरशिप दी जाती है। योजना का उददेश्य सामाजिक एवं आर्थक रूप से वंचित वर्ग की छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित एवं सतत बनाए रखने के उददेश्य से प्रारंभ की गई है। अजीम प्रेमजी फाउडेशन स्कॉलरशिप का लाभ लेने के लिए प्रथम चरण में 30 सितम्बर 2025 तक आवेदन ऑनलाईन कर सकेंगे। स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए छात्राओं दवारा दसवीं और बारहवीं की शिक्षा शासकीय विद्यालय से प्राप्त करना आवश्यक है। योजना के लाभ के लिए संस्था द्वारा सभी महाविद्यालय में पंजीयन के लिए सहयोग किया जा रहा है।

## कृषि उपज मंडी में तीन दिन रहेगा अवकाश

**भैरुंदा।** कृषि उपज मंडी में तीन दिवसीय अवकाश की सूचना दी गई है। कृषक 30 सितंबर, 1 व 2 अक्टूबर को अपनी उपज कृषि मंडी में न लेकर आएं। त्योहार होने के कारण इन दिनों में अवकाश रहेगा।

### दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात हुई कैद

# पुलिस की ड्यूटी सिर्फ कागजों पर में चोरों की नाइट शिफ्ट जारी:दुकानदार

चोरों ने एक ही रात में आधा दर्जन दुकानों से नगदी सहित लाखों का सामान ले उड़े पुलिस की टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर सहित शहरभर में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं, जिससे नगरवासियों ,व्यापारियों में आक्रोश है। तो वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगातार चोर चोरी को अंजाम देकर सवाल खड़े कर रहे हैं। भैरूंदा नगर के नीलकंठ रोड पर रविवार, सोमवार की रात करीब 1.30 से लेकर 3.30 बीच में छः दुकानों के ताले चटकाएं ओर लाखों रुपए नगदी सहित समान चोरी की घटना अंजार दिया। दुकानों में के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद हो गई है, जिसमें चोरों ने बड़ी सहजता से शटर के ताले तोड़ते और मोबाइल, कपड़े सहित महंगी सामग्री चोरी करते नजर आ रहे हैं।

चोरों ने एक ही रात में आधा दर्जन दुकानों से नगदी सहित लाखों का सामान ले उड़े पुलिस की टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई है। रविवार - सोमवार रात दरमियान करीब 1 बजे से 4 बजे के बीच में एक ही रात में नगर के नीलकंठ रोड पर स्थित चोरों ने 6दुकानों ताले चटकाए और नगदी सहित लाखों रुपए के कपड़े,मोबाइल , एसेसरीज ले उड़े। तो वहीं हुई चोरी की वारदात से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर गए।

**इन 5 दुकानों के चटकाएं ताले, चोरों ने चोरी की वारदात को दिया अंजार :** नगर के नीलकंठ रोड स्थित मारुति मेंस बेयर, कपड़े की दुकान से लगभग 10हजार के कपड़े, चुराए, तो वहीं ओमकार आनलाइन की दुकान से एक लाख से अधिक नगदी और 10 हजार की सामग्री ले उड़े। वहीं गणेश मोबाइल की दुकान से मोबाइल एसेसरीज बा पुराने मोबाइल चोरी किए गए। पुराने मोबाइल की कीमत का अभी आकलन नहीं लगा पा रहे हैं। ऐसे ही एक किराना दुकान ओर जनरल स्टोर दुकानों के नगदी सहित समान की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है अभी दुकानदार भी उना आकलन नहीं लगा पाए। इसमें कुछ दुकानदारों का कहना है , दुकानों में सामग्री बिक्री हुई है। चोरी का आंकलन लगाना भी मुश्किल है। अभी फिलहाल भैरुंदा पुलिस की टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई है। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर जल्द ही चोरों तक पहुंचेंगी।

### क्षेत्र लगातार बढ़ती चोरी की वारदात से लोगों में दहशत का माहौल



नगर सहित शहरभर में लगातार चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं लोगों में आक्रोश देखा जा सकता है। लोगों ने आरोप लगाते ने पुलिस की कार्यप्रणाली सवाल खड़े करते हुए बताया पुलिस की गश्त सिर्फ एक दिखावा है। जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। नगरवासियों का गुस्सा इस बात पर भी है कि पुलिस की ड्यूटी सिर्फ कागजों पर है, चोरों की ड्यूटी नाइट शिफ्ट में है। लगातार नगर में चोरी की घटना को अंजाम देते आ रहे हैं। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने रविवार सोमवार की रात में पांच दुकानों पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजार दिया गया है। किराना, जनरल, मोबाइल, सहित एक ऑनलाइन की दुकान शामिल है। अज्ञात चोर नगदी सहित समान की चोरी की गई है। पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी गई है, नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर जल्द ही चोरों की पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

## अब केवल दो ही शस्त्र अपने कब्जे में रख सकता है शस्त्र लाइसेंस धारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत सरकार विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार मूल अधिनियम (आयुध अधिनियम 1959) की धारा-3 की उपधारा-2 में संशोधन के उपरांत अब शस्त्र लाइसेंस धारकों केवल दो ही शस्त्र अपने कब्जे में रख सकता है। तीसरा शस्त्र निकटतम पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी के पास या धारा 21 की उपधारा के प्रयोजन के लिये विहित शर्तों के अध्यधीन अनुज्ञप्तिधारी व्यौहारी के पास अथवा जहां ऐसा व्यक्ति संघ के सशस्त्र बलों का सदस्य है, वहां उस उपधारा में निर्दिष्ट किसी यूनिट शस्त्रागार में निक्षिप्त कराना होगा।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले के ऐसे शस्त्र लाइसेंस धारकों जिनके पास दो से अधिक शस्त्र है वे अपने दो शस्त्रों को छोड़कर शेष शस्त्र संबंधित थाना अथवा वैध अधिकृत शस्त्र डीलर के पास जमा करें और जमा की पावती के साथ लाइसेंस बुक सहित जिला कार्यालय की लायसेंस शाखा में 30 सितंबर तक जमा करें। ताकि लाइसेंस पंजी से शस्त्र विलोपित किया जा सके। इन निर्देश के पालन में दो शस्त्रों के अतिरिक्त शेष शस्त्र जमा नहीं कराये जाने की स्थिति में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## दुर्गा वाहिनी ने शस्त्र पूजन कर करतब दिखाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर में दुर्गा वाहिनी की बहनों के द्वारा शस्त्र पूजन एवं शस्त्र का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन में नगर की बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही मातृ शक्ति जिला संयोजीका बहन ममता सेंगर ने कहा कि आज की बेटियों को शास्त्र पढ़ने के साथ-साथ में शस्त्र की विद्या भी लेना बहुत आवश्यक है। वर्तमान परिस्थितियों के देखते हुए आत्मरक्षा के लिए हमें आवश्यकता पड़ेगी, तो समाज और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र भी उठाने पड़ेंगे तो हम उठाएंगे।

इसी के साथ दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका आरती यदुवंशी ने भी उपस्थित बहनों को लवजिहाद जैसी घटनाओं से बचने के लिए कहा कि तू काली बन तू दुर्गा बन पर बुर्के वाली मत बन यह संदेश दिया तत्पश्चात बुधनी जिले के जिला मंत्री राजू भाई जाट ने कहा वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए माता बहनों को जागरूक करने की नितांत आवश्यकता है। आज बहनों के खिलाफ कई षड्यंत्रकारी लोग षड्यंत्र रचकर हमारी बहन बेटियों को बेहला फुसलाकर कर कई बेटियों का जीवन खराब कर चुके हैं, इसलिए हमें इससे जागृत रहने की आवश्यकता है। और समाज में ऐसे जागरण करने के कार्यक्रम करते रहना चाहिए। और बेटियों को शस्त्र त्र विद्या में भी परिपूर्ण नीपूर्ण होना चाहिए। इसके लिए वर्ष में दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण वर्ग जो लगते हैं। उसमें अपनी अपनी बेटियों को भेजना चाहिए कार्यक्रम भारत माता उत्सव समिति के प्रांगण में संपन्न हुआ इस आयोजन में भारत माता उत्सव समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।


### नगर में विराजित मां जगदंबा




**सीहोर।** सुदामा नगर गंज में सुदामा नवयुवक संगठन 26 वर्षों से मां की प्रतिमा विराजित कर रहा है। समिति अध्यक्ष पुनीत राठौर (गोलू)



**सीहोर।** पुराना बस स्टैंड गंज बजरिया में युवा ज्योति संगठन द्वारा 26 साल मां की प्रतिमा विराजित की जा रही है। अध्यक्ष शशांक चौरसिया



**भैरुंदा।** खजांची लाइन में छावन दुर्गा उत्सव समिति विगत 40 साल से मां की प्रतिमा विराजित कर रहे हैं। अध्यक्ष शिवम राठौर



**सीहोर।** राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर पार्क गंज में मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति 26 वर्षों से मां की प्रतिमा विराजित कर रहे है। समिति अध्यक्ष राहुल राठौर, कार्यक्रम अध्यक्ष अर्जुन मेवाड़ा।

# महाअष्टमी हवन में हर श्रद्धालु दे सकेगा आहुति

**सीहोर।** नवरात्रि का पावन पर्व अपने अंतिम चरणों की ओर अग्रसर है और मां दुर्गा के दरबार में भक्ति व आस्था का महासागर उमड़ पड़ा है। सीहोर की मंडी स्थित मां गौरी मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु अपनी आस्था का दीप जलाकर मातारानी के चरणों में नतमस्तक हो रहे हैं। प्रतिदिन होने वाली विशाल और महाआरती में शामिल होकर भक्त धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं और अपनी मनोकामनाओं को मां के चरणों में समर्पित कर रहे ।

माता मंदिर के भव्य रूप देने के लिए यहां भव्यता के साथ डेकोरशन किया गया है और आकर्षक लाइट भक्तों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। आगामी 30 सिंतबर को महाअष्टमी और 01 अक्टूबर को नवमी के अवसर पर मंदिर परिसर का दृश्य और भी भव्य होने जा रहा है।



महाअष्टमी पर विशेष हवन यज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें प्रत्येक श्रद्धालु को निशुल्क आहुति देने का सौभाग्य मिलेगा। मां के दरबार में यह अवसर हर भक्त के लिए अद्वितीय है, क्योंकि स्वयं अपने हाथों से यज्ञ की आहुति अर्पित करना भक्तों के लिए परम सुख और आत्मिक शांति का अनुभव कराता है। वहीं नवमी पर होने वाली पूर्णाहुति में भी कोई भी भक्त शामिल होकर दिव्य ऊर्जा का अनुभव कर सकेगा।

**51 दीपों से सजकर होगी महानिशा आरती :** मंदिर समिति के प्रमुख महेश तिवारी ने बताया कि महाअष्टमी की रात 12 बजे से महानिशा आरती का शुभारंभ होगा। यह आरती 51 दीपों की पंक्तियों से संपन्न की जाएगी। दीपों की दिव्य ज्योति जब मां के दरबार में जगमगाएगी, तब वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम दिखाई देगा। यह दृश्य हर भक्त के लिए अविस्मरणीय अनुभव बनकर रहेगा।

**प्रतिदिन बदलता मां गौरी का श्रृंगार :** नवरात्रि के इस पावन पर्व पर मां गौरी का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। प्रतिदिन मां का नया रूप भक्तों को दर्शन देकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान कर रहा है। कहते हैं कि जो भी सच्चे मन से मां के चरणों में शीश झुकाता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। इसी आस्था से प्रेरित होकर दूर-दूर से भक्त यहां पहुंच रहे हैं और मां के दरबार में अपनी प्रार्थनाएं अर्पित कर रहे हैं।

**आस्था, संस्कृति और एकता का प्रतीक :** नवरात्रि का यह भव्य आयोजन केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का भी प्रतीक है। मां दुर्गा के चरणों में समर्पण का यह अनोखा उत्सव श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रहा है। नवरात्रि के ये पावन क्षण हर भक्त के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश लेकर आएंगे।

## निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

### विगत 36 वर्षों से लगातार स्थापित की जा रही है मां भगवती की प्रतिमा

# श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मातारानी का किया गया विशेष श्रृंगार और महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विगत 36 वर्षों से माँ भगवती की प्रतिमा स्थापित की जाती है। जिसमें मंदिर समिति के संरक्षक श्री रमेश सक्सेना के मार्गदर्शन में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि के छटवे दिवस माँ भगवती का मंदिर समिति महिला सदस्यों द्वारा विशेष श्रृंगार एवं महा आरती की गई। जिसके उपरांत छोटी-छोटी कन्या एवं महिलाओं द्वारा प्रतिदिन आरती उपरांत गरबा कर माँ भगवती की अराधना की जाती है। महाआरती उपरांत महाप्रसादी का वितरण सभी भक्तों को किया गया। जिसमें सर्वप्रथम जगतगुरु श्री-श्री 1008 यशोदानन्दन जी महाराज (अजय पुरोहित ), मंदिर समिति संरक्षक पूर्व विधायक रमेश



सक्सेना, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र सक्सेना, बजरंग दल प्रमुख सुनील शर्मा, समाजसेवी विवेक राठौर, अजीत शुक्ला, पार्षद आशीष गेहलोत, पार्षद नरेन्द्र राजपूत, पार्षद अजय पाल, पूर्व पार्षद माखन परमार, पं. शैलेश तिवारी, पं.कमला प्रसाद शर्मा, पं.गणेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने भगवान श्री पंचमुखी हनुमान जी एवं माँ भगवती की आरती उतारकर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के सह संरक्षक अशोक राजपूत, दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष विनय सक्सेना, विशाल परदेशी, महेन्द्र वर्मा मोनू, मंदिर पूजारी पं.अशोक जोशी, पं.अरूण पाण्डे, सौरभ शर्मा, सोनू वर्मा, शुभम मालवीय, नितेश सेन, आशीष गोहर, भुवन बंसल, बबलु शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के संरक्षक श्री रमेश सक्सेना द्वारा सभी नगर वासियों से अपील की है कि श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर विराजित श्री पंचमुखी हनुमान जी, पिपलेश्वर महादेव एवं माँ भगवती के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त करें।

# जिला सीहोर आजाद महिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल, संभागीय अध्यक्ष दर्शन ओढ़ के मार्गदर्शन एवं भोपाल संभागीय प्रवक्ता एवं भोपाल जिला प्रभारी योगिता लोधी के नेतृत्व में आजाद मिहला कार्यकारिणी जिला सीहोर की प्रथम बैठक संपन्न हुई।

बैठक में आगामी अक्टूबर माह में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में होने वाले विशाल शिक्षक सम्मेलन में उपस्थित होने हेतु सभी महिला कार्यकारिणी सदस्यों के साथ चर्चा की गई। आजाद महिला कार्यकारिणी जिला सीहोर की बैठक मे उपस्थित सभी मातृशक्तियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

### राजगढ़ में लगातार 15वें वर्ष जालपा धाम तक निकाली गई भव्यतम चुनरी यात्रा

# जालपा मां के दरबार तक हजारों हाथों ने थामी 1111 मीटर की चूनर

**हजारों मातृ-शक्तियां, श्रद्धालु हुए शामिल, अनेकों स्थानों पर हुआ स्वागत**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू चेतना मंच एवं सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में शारदेय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मां जालपा के दरबार तक 1111 मीटर लंबी चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। नगर से जालपा धाम तक करीब 5 किमी की इस यात्रा में हजारों की संख्या में मातृ-शक्तियां सहित श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए।

स्थानीय राजमहल परिसर में कन्याओं के पाद-पूजन एवं माता की पूजा-अर्चना उपरान्त डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ माता के जयकारों के बीच यात्रा आरंभ हुई। नगर से लेकर माता के मंदिर तक यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, स्वयंसेवी संगठनों व समितियों द्वारा कहीं फलाहार, कहीं जलपान तो कहीं पुष्पवर्षा आदि से स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस यात्रा के लिए आयोजकों द्वारा बीते करीब एक माह से विभिन्न तैयारियां एवं व्यवस्थाएं की जा रही थीं। लगातार 15वें वर्ष निकाली गई इस चुनरी यात्रा में गत वर्षों से कहीं अधिक श्रद्धालु माता की चुनरी थाम मैया के जयकारे लगाते हुए साथ चलते नजर आए। दोपहर करीब 12.30 बजे राजमहल परिसर से आरंभ हुई यात्रा ढाई घंटे उपरान्त मैया के दरबार तक पहुंची। जहां जालपा मैया की चुनरी अर्पित करते हुए महाआरती का आयोजन करवाया गया।

#### माता के दरबार तक पांच किमी मार्ग में बिछाई गई कारपेट

इस भव्यतम चुनरी यात्रा के लिए राजगढ़ से जालपा धाम तक करीब 5 किलोमीटर लंबे मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत कारपेट बिछवाने की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा करवाई गई थी। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुगण माता के जयकारे लगाते हुए क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना करते नजर आए।

#### पुख्ता रही तमाम व्यवस्थाएं एसपी ने किया निरीक्षण

इस वृहद धार्मिक आयोजन के लिए पुलिस, प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा भी व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थी। यात्रा के दौरान किसी तरह की दुर्घटना न होने पाए इसके लिए भारी वाहनों को दोनों तरफ रुकवा दिया गया था। इसके साथ ही स्थान-स्थान पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी। यात्रा के पूर्व पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने भी यात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर राजमहल परिसर एवं प्रमुख-प्रमुख प्वाइंटों का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

#### समर्पण गरबा उत्सव का भव्यता से हुआ समापन

स्थानीय राजमहल परिसर में नजरबाग हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही तीन दिवसीय समर्पण गरबा महोत्सव का शनिवार रात्रि भव्यता के साथ समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग देने वाले हर व्यक्ति का समिति पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया है।

#### नगर में निकली 191 मीटर चुनार यात्रा

कुरावर में रविवार शाम 4 बजे शिव धाम कॉलोनी वार्ड नंबर 7 शिव मंदिर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव मंदिर से धर्म प्रेमी बंधुओ ने मिलकर 191 मीटर लंबी चुनर यात्रा निकाली गई अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा बस स्टैंड कुरावर पर स्वागत किया गया।

#### बांसखेड़ा से भैंसवा माताजी के दरबार पहुंची चुनर यात्रा

खुजनेर के ग्राम बांसखेड़ा में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब श्री बालाजी सरकार की अगुवाई में भक्तों का विशाल जत्था चुनरी यात्रा के साथ भैंसवा माताजी के पावन दरबार की ओर रवाना हुआ। गांव के मुख्य मंदिर परिसर से शुरू हुई यह यात्रा भजन-कीर्तन, जयकारों और ढोल-नगाड़ों के बीच भक्तिमय माहौल में संपन्न हुई। श्रद्धालुजन माताजी के चरणों में विशाल चुनरी अर्पित करने के लिए नाचते-गाते, हाथों में ध्वज, कलश और चुनरी लेकर यात्रा में शामिल हुए माताजी के दरबार में पहुँचकर भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना की और समृद्धि, सुख-शांति एवं कल्याण की मंगल कामनाएं कीं।

#### खास बातें

- 25 से अधिक स्थानों पर चुनरी यात्रा का हुआ स्वागत, अभिनंदन।
- यात्रियों को वापस लाने निजी स्कूल संचालकों ने पहुंचवाई अपनी बसें।
- यात्रा के दौरान एम्बुलेंस आने पर पुलिसकर्मियों ने तत्परता से उसे निकलवाया।
- मुस्लिमजनों द्वारा भी पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत।
- पूरी यात्रा के दौरान किसी तरह की कोई व्यवधान नहीं।
- अगले वर्ष पुन: निकाली जाएगी भव्यतम चुनरी यात्रा।

### खुलेआम होता है अवैध शराब का परिवहन

# नाबालिग बच्चों को बेची जा रही शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

माचलपुर क्षेत्र में शराब ठेकेदार द्वारा लगातार अपने वाहन द्वारा अपनी अवैध दुकानों पर लगातार परिवहन होता रहता है। जिसके वाहन नगर के पुलिस थाने के सामने से लगातार गुजरते हैं, पर शायद जिम्मेदारों को यह नजर नहीं आते हैं ।

हद तो तब होती है जब नबालिकों बालकों तक को शराब बिना रोक के बेची जाती है। जबकि नबालिकों को बेचना या देना गंभीर अपराध है। भारतीय दंड संहिता के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को शराब बेचना या परोसना गैरकानूनी है ऐसा करने वाले व्यक्ति को जेल की सजा जुर्माना और लाइसेंस रद्द होने जैसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं, पर शायद यह कानून यहां लागू नहीं होता है। निर्धारित दर से अधिक कीमत में नगर की शराब दुकानों पर उपभोक्ताओं से ली जाती है यह राशि नगर में कुछ ज्यादा वा ठेकेदार की अवैध दुकानों पर और ज्यादा हो जाती है। बात यही खत्म नहीं होती है नगर में स्थित शराब दुकानें अपने निर्धारित समय से बहुत पहले ही खुल जाती है जबकि शासन द्वारा इनके खुलने और बंद होने का समय तय किया हुआ है।

ड्राई डे दिवस पर भी आसानी से उपलब्ध होती है शराब नगर की दुकानें चाहे बंद रहे पर ठेकेदार के आदमी अधिक दाम पर शराब बिक्री के लिए आसानी से उपलब्ध रहते हैं और उनकी ग्रामीण क्षेत्रों की अवैध दुकानों पर तो आसानी से उपलब्ध रहती ही है।आबकारी विभाग के जिम्मेदार वा पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत से इन सब से इंकार नहीं किया जा सकता है।

#### कार्रवाई की जाएगी

मुझे आपके द्वारा जानकारी मिली है। अगर ऐसा कुछ पाया जाता है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**धर्मवीर सिंह नागर**, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खिलचीपुर

#### इनका कहना है

मुझे आपसे पता चला है मैं वहां के इंस्पेक्टर को बोल कर देखवा लेता हूं।

रितेश लाला, जिला आबकारी अधिकारी राजगढ़

#### नगर परिषद व विद्युत विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**जीरापुर।** आगामी विजयादशमी पर्व की व्यवस्था एवं दशहरा मैदान पर विद्युत सप्लाई व्यवस्थित रूप से करने हेतु नगर परिषद एवं विद्युत विभाग की टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिसमें उपयंत्री बृजेश उपाध्याय, देवनारायण दांगी, विद्युत विभाग जेई करण संत सहित नगर परिषद टीम उपस्थित रही। इस दौरान सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई कार्य को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। पूरे परिसर से पत्थर एवं बड़े कंकड़ साफ किए राम सवारी आगमन मार्ग साफ किया।

## खिलाड़ियों ने प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कालापीपल।** सरस्वती विद्या मंदिर कालापीपल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय सहित पूरे नगर को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों की दौड़ व पैदल चाल स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पदक हासिल किए। तरुण वर्ग की क्रॉस कंट्री 6 किलोमीटर दौड़ में अमित परमार ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में सुरुचि मेवाड़ा ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं 400 मीटर दौड़ में वह तीसरे स्थान पर रहीं। किशोर वर्ग की 5 किलोमीटर पैदल चाल प्रतियोगिता में टीना मेवाड़ा ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार तरुण वर्ग की क्रॉस कंट्री में अर्चना मेवाड़ा ने कांस्य पदक जीता। किशोर वर्ग की 400 मीटर दौड़ में जतिन मेवाड़ा ने भी कांस्य पदक अर्जित कर नगर का मान बढ़ाया। इनमें से अमित परमार, सुरुचि मेवाड़ा और अर्चना मेवाड़ा का चयन आगामी क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु हुआ है, जो 4 से 6 अक्टूबर तक शारदा विहार, भोपाल में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में सफलता पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण देशपांडे ने खेल शिक्षक विक्रांत शिंदे के साथ सभी विजेता खिलाड़ियों का मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## जय हिंदू राष्ट्र युवा मंच ने दुर्गा पंडाल में किया शस्त्र पूजन का आयोजन

**सारंगपुर।** बागकुआ टंकी मोहल्ला स्थित जय हिंदू राष्ट्र युवा मंच के तत्वावधान में शनिवार रात्रि को मां जगदंबे की महा आरती के बाद शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद अशोक साहू बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद पार्षद राकेश पुष्पद मंच संयोजक योगेश पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया वही कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष श्री भल्ला ने शास्त्र और शस्त्र के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि शास्त्र के साथ-साथ हमें हमारे धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए शस्त्र भी अनिवार्य है। इस दौरान हिउस सचिव वैभव पुष्पद संतोष प्रजापति प्रकाश पुरी सहित जय हिंदू राष्ट्र युवा मंच के सतीश पुष्पद करण पुष्पद विनोद जायसवाल कुलदीप पुष्पद सुमित पुष्पद नाना अभिषेक पुष्पद अरुण पुष्पद अनिल पुष्पद सचिन पुष्पद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### खिलचीपुर-छापीहेड़ा पर हुई घटना

## सब इंसपेक्टर की चलती कार में अचानक लगी भीषण आग



**राजगढ़।** खिलचीपुर-छापीहेड़ा मार्ग पर शनिवार रात्रि सड़क पर चलती एक कार में अचानक आग लग गई। खिलचीपुर थाने में पदस्थ सब इन्सपेक्टर ड्यूटी उपरान्त वापस अपने घर छापीहेड़ा लौट रहे थे और इसी दौरान यह हादसा हुआ। कार में सब-इन्सपेक्टर सहित 5 अन्य लोग भी सवार थे। समय रहते सभी ने कार से जैसे-तैसे बाहर कूदकर अपनी जान गवाई।

जानकारी के अनुसार खिलचीपुर थाने में पदस्थ सब-इन्सपेक्टर लोकनाथ कोल, उनका ड्राइवर सहित कुल लोग आल्टो कार से शनिवार रात्रि छापीहेड़ा जा रहे थे। इस दौरान खिलचीपुर से करीब 5 किमी आगे बरुखेड़ी गांव के नजदीक कार के इंजन में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें बोनट से भी बाहर निकलकर बाहर तक फूट पड़ीं। चलती कार में अचानक भभकी आगे के बीच उसमें सवार सभी लोग कार रोककर बाहर कूदे।

#### घटना में कोई हताहत नहीं

गनीमत से घटना में किसी को कोई चोंट नहीं आई है लेकिन कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। जिस समय कार में आग लग रही थी उस समय आसपास के ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने का प्रयास भी किया। बाद में मौके पर पहुंची दमकल की मदद से आग पर बुझाई जा सकी।

### स्वास्थ्य से लेकर विद्यार्थियों पर हो रहा इसका असर, जिम्मेदार बेखबर

## नियमों को ताख पर रख अपने चहेतो को मिल रहीं अटैचमेंट के नाम पर सुविधाएं


बच्चों के भविष्य पर प्रश्नचिंह, प्राचार्य ने रोका 2 माह का वेतन
बिना सूचना 9 महीने से शिक्षिका नहीं पहुंची स्कूल

**ब्यावरा।** विभागों में किसी भी तरह के अटैचमेंट खत्म करने के लिए कई आदेश जारी किए गए, परंतु विभाग के संबंधित अधिकारियों की ऐसी क्या मजबूरी होती है कि उन्हें नियमों के विपरीत जाकर भी कई कर्मचारियों का अटैचमेंट अपनी मनचाही जगह पर हो ही जाता है। हाल ही में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग में ऐसे अटेचमेंट हुए हैं जहां पर राजनीतिक दबाव की बात सामने आ रही है।

#### पहला मामला स्वास्थ्य विभाग ब्यावरा

जिला अस्पताल से सुठालिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थानांतरण की गई नर्सिंग ऑफिसर दीपा पंवार ने बमुश्किल से सुठालिया ज्वाइन किया और चंद दिनों के बाद ही ब्यावरा अटेचमेंट करवा लिया। बताया जा रहा है कि उनके पति के राजगढ़ में किसी नेता से धनिष्टता बताई जाती है जिसके चलते उन्हें चंद दिनों में ही अटैचमेंट के सारे नियमों को ताख पर रखकर सीबीएमओ ब्यावरा के आदेश पर ही प्रशासनिक कार्य की सुविधा दृष्टि का कारण बताकर अटेचमेंट कर दिया गया और वहां से भी वह अब लम्बी छुट्टी पर चलीं गई हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभाग के कर्मचारी सिर्फ नेताओं के लिए नौकरी कर रहे है उन्हें आम जन की परेशानियों से ज्यादा सरोकार नहीं। इस बारे में जब सीएमएचओ से पूछा गया तो उनके पास भी इसका जबाव नहीं था।

#### दूसरा मामला शिक्षा विभाग खिलचीपुर-जीरापुर

शिक्षा विभाग में भी नेताओं का हस्ताक्षेप होने के कारण खिलचीपुर ब्लॉक के पीपल्याकलां स्कूल के बच्चों की पढाई तो प्रभावित हो ही रही है प्राचार्य के बार बार कहने के बाद भी विभाग सुध नहीं ले रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी की मजबूरी ही कही जा सकती है कि एक ही शिक्षिका को स्कूल का चार्ज भी दे रखा है और जीरापुर के छात्रावास में अटेचमेंट भी कर रखा है। चूंकि शिक्षिका कल्पना गुर्जर राजनीतिक पकड़ का लाख उठाकर स्वयं का फायदा तो भरपूर कर रही है वहीं विद्यालय के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी कर रही हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि किस तरह शासन के नियमों की धज्जियां उडाकर नेता अपने चहेतों को लाभ पहुंचा रहे है और जनहित का दिखावा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी कल्पना गुर्जर ने अपना राजनीतिक लाभ उठाते हुए कई महिनों तक स्कूल नहीं गई थी जबकि वेतन स्कूल से ही निकाली जा रही थी।

#### इनका कहना है...

छात्रावास की व्यवस्थाएं बिगड़ रहीं थी इसलिए अटैचमेंट किया गया। परंतु बच्चों की पढ़ाई के नुकसान पर नहीं दिया कोई उत्तर।

करणसिंह भिलाला, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़

### राज्यमंत्री टेटवाल ध्वज लेकर चुनर यात्रा की कर रहे थे अगवानी

## चूनर यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



**सारंगपुर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां जगदम्बा चूनर यात्रा समिति एवं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में रविवार को नगर के अम्बे माता मंदिर से मां बिजासन धाम भैंसवा माता के लिए संगीतमय चुनर यात्रा निकाली गई। माता के प्रति अटूट श्रद्धा को समर्पित इस यात्रा में महिला एवं पुरुष भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पंडाल सजाकर पुष्पहारों से स्वागत किया और छाछ, फरियाली खिचड़ी, खीर, चाय एवं जलपान की व्यवस्था कर यात्रियों की सेवा की। आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी कई चुनर यात्राएं शामिल हुईं, जिससे माता के जयकारों से पूरा मार्ग गूंज उठा।

यात्रा का शुभारंभ अम्बे माता मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल माता का झंडा लेकर सबसे आगे चल रहे थे। उनके साथ हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं नपा उपाध्यक्ष भावना नीलेश वर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भक्ति संगीत और बैंड-बाजों की धुन पर भक्त झूमते-नाचते हुए माता के जयकारे लगाते आगे बढ़ते रहे। मां बिजासन धाम पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने दर्शन कर कन्या भोज में भाग लिया। कई दानदाताओं ने मंदिर निर्माण कार्य के लिए सहयोग राशि भी अर्पित की। चुनर यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मंदिर परिसर और यात्रा मार्ग पर पुलिस बल की चाक-चैबंद व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम और पेयजल टैंकर भी यात्रियों की सुविधा के लिए तैनात रहे।

### सत्यता से साधना, साधना से सिद्धि, सिद्धि से शक्ति और शक्ति से ही समाज में होगा परिवर्तन, इसलिए समाज का एकजुट होना जरूरी

## संघ शताब्दी वर्ष : पीपलोदी में आयोजित पथ संचलन में बोले जिला कार्यवाह वैष्णव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पीपलोदी मंडल में पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें कई स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में हिस्सा लिया और एक साथ कदमताल करते हुए निकले। पथ संचलन के पूर्व जिला कार्यवाह मनीष वैष्णव ने बौद्धिक दिया। पथ संचलन के अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि दृ "सतत्यता से साधना, साधना से सिद्धि, सिद्धि से शक्ति और शक्ति से समाज परिवर्तन संभव है।" इसलिए समाज को एकत्र कर समाज की शक्ति का विकास करना होगा। जिससे समाज में परिवर्तन आ सके और भारत परम वैभव पर पहुंचे। उन्होंने अपने बौद्धिक में संघ की शताब्दी वर्ष योजना पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में संगठन के प्रत्येक स्वयंसेवक को पंच-परिवर्तन के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।

#### ये पंच परिवर्तन हैं

1. सामाजिक समरसता - समाज में भेदभाव समाप्त कर सभी को समान भाव से जोड़ना।
2. कुटुंब प्रबोधन - परिवार संस्था को मजबूत कर संस्कारयुक्त वातावरण का निर्माण।
3. पर्यावरण संरक्षण - प्रकृति की रक्षा और हरित जीवन शैली को अपनाना।
4. नागरिक कर्तव्य - समाज में अनुशासन, उत्तरदायित्व और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानना।
5. स्व का बोध - अपने अस्तित्व, मूल्यों और संस्कृति की पहचान कर आत्मगौरव का भाव जगाना।

श्री वैष्णव ने कहा कि संघ का कार्य केवल शाखा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाना ही इसका लक्ष्य है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे नियमित साधना, अनुशासन और संगठनबद्ध कार्यशैली से इन उद्देश्यों को सफल करें। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर समाज को अनुशासन और संगठन की शक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पथ संचलन के दौरान मार्ग में जगह जगह पुष्प वर्षा के स्थान स्वागत भी किया गया।

**खबर संक्षेप**

### सेवा पखवाड़ा के तहत लगाया स्वास्थ्य शिविर

**आष्टा।** सांदीपनि हायर सेकंडरी स्कूल में सेवा पखवाड़ा के तहत आष्टा पैथोलॉजी एंड डिजिटल एक्स रे सेंटर के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ एचएस नाथावत ने समस्त स्कूल स्टाफ का हेल्थ चेकअप कर उचित मार्गदर्शन दिया। साथ में 3 दिन की दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई व शुगर की जांच निशुल्क की गई। पैथालॉजी संचालक मोहम्मद शोएब, आज़म खान ने बताया कि 114 शिक्षक, शिक्षिका व स्टाफ का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया।

### शासन की योजनाओं से मिलेगा लाभः मेवाड़ा

**आष्टा।** नगरपालिका द्वारा सभाकक्ष में स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं पीएम स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों का सामूहिक वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं वित्तीय साक्षरता काउंसलर बैंक ऑफ़ इंडिया एलडीएम रविशंकर नरवरिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं आपको लाभ पहुंचाने के लिए ही संचालित की गई है, आप सभी अधिक से अधिक शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपने आपको आत्मनिर्भर बनाएं। आग्रह किया है कि स्वसहायता समूह एवं पीएम स्वनिधि योजना के तहत मिलने वाली राशि का सदुपयोग किया जाए।

नवरात्रि में खोकर माता मंदिर में असमाजिक तत्व ने फेंकी मृत मछलियां

# आक्रोश में हिंदू समाज, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की जांच

मंदिर समिति और हिंदू संगठनो में आक्रोश, एसडीएम, एसडीओपी, टीआई ने किया निरिक्षण, पंचनामा बनाकर मछलियां जप्त की। नवरात्रि में शहर की शांति को भंग करने का किया प्रयास।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गंगा-जमनी संस्कृति का प्रतीक आष्टा शहर,जो की हिंदू मुस्लिम समाज के बड़े से बड़े आयोजन और कार्यक्रमों को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कर शहर को ही नहीं,पूरे प्रदेश को शांति ओर सद्भाव का एक संदेश दिया है । लेकिन लगता है कुछ सिरफिरों को जिन्हें आष्टा की गंगा जमनी संस्कृति और नगर का शांति और सद्भाव का वातावरण शायद रास नहीं आ रहा है। यही कारण है कि किसी अज्ञात सिरफिरे ने चल रहे नवरात्रि त्योहार के दौरान आष्टा नगर के कमल तालाब की पाल पर स्थित प्राचीन खोकर माता मंदिर पर मृत मछलियां फेंक कर मन्दिर को अपवित्र कर शहर की शांति को भंग करने की कुचेष्टा की । लेकिन संयमी ओर धैर्यवान हिन्दू समाज ने घटना के बाद पूरा धैर्य और संयम रख कर पुलिस और प्रशासन को सूचना कर ठोस कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की।

मन्दिर समिति के प्रमुख कालू भट्ट ने बताया की जो श्रदालु प्रातः खेड़ापति जाते है वे खोकर माता के दर्शन कर आगे बढ़ते है । आज प्रातः एक श्रदालु ने जब ये देखा कि मन्दिर के गेट,पर अंदर मरी हुई मछलियां पड़ी है। तब उसने खेड़ापति मन्दिर के पुजारी को बताया उन्होंने मुझे सूचना दी,में मौके पर पहुचा ओर उसके बाद पुलिस और प्रशासन को सूचना दी । वहीं खबर लगते ही बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के नागरिक मौके पर पहुंचे तथा कड़ा आक्रोश व्यक्त किया । मामला गंभीर नजर आने पर स्थानीय प्रशासन की ओर से तहसीलदार,टीआई गिरीश दुबे मौके पर पहुंचे



दोनों ने पंचनामा बनाकर मंदिर में फेंकी गई करीब 9 बड़ी मछलियां जप्त कर उन्हें नगरपालिका के सुब्रत की ।

बताया जाता है कि विगत दोनों आष्टा के उक्त तालाब का मछली का जो ठेका था वह अवैध करार देते हुए मछुआरों को सौंप दिया गया था । वही उसके बाद भी कई लोग दिन और रात में उक्त तालाब के चारों ओर बैठकर मछलियों का शिकार करते थे । नवरात्रि का त्यौहार होने के कारण खोकर माता मंदिर के प्रमुख कालू भट्ट ने दो दिन पूर्व ही इन सब मछली का शिकार करने वाले शिकारीयो को चेतावनी दी थी कि वह नवरात्रि पर्व के चलते हुए मछली का शिकार तलाव




पर ना करें । वही इस क्षेत्र में कई इस तरह की अवैध गतिविधियां संचालित होती है जिसको लेकर कई बार पुलिस और प्रशासन को भी जानकारी और सूचना दी गई । आज पुनः उक्त घटना घटने से नागरिकों में आक्रोश नजर आया । टीआई गिरीश दुबे ने बताया कि अज्ञात आरोपियों को पकड़ने की पुलिस सतत प्रयास कर रही है ।

नगर निरीक्षक गिरीश दुबे ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है,उक्त मार्ग के सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे है । तथा प्रयास किया जा रहे हैं कि यह हरकत किसने की उसको पकड़ा जाए ।

# वीडियो को लेकर युवक से अड़ीबाजी, 25 हजार ऐंठे

ब्लैकमेल करने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल भ्रमण के दौरान एक युवक को वीडियो दिखाकर धमकाने और उससे जबरन रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन अड़ीबाजों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

आष्टा थाना टीआई गिरीश दुबे ने बताया कि फरियादी जिशान को आरोपी फिज्जु, रजा और बिलाल एक वीडियो को लेकर धमकाने लगे और उससे 25 हजार रुपये की मांग की। जिशान ने मजबूरी में कुछ रुपये नगद और बाकी ऑनलाइन भुगतान कर दिए। इसके बाद आरोपी कुछ समय शांत रहे, लेकिन फिर उन्होंने दुबारा 25 हजार रुपये की मांग शुरू कर दी। पीड़ित जिशान के अनुसार, आरोपी दिनभर में 30 से 40 बार फोन कर धमकी देते थे कि अगर पैसे नहीं दिए तो वीडियो को सार्वजनिक कर देंगे। इससे परेशान होकर जिशान ने आष्टा थाने पहुँचकर पुलिस को पूरी घटना बताई। पुलिस की योजना और कार्रवाई में जिशान ने पुलिस को जानकारी दी कि आरोपी उसे रुपये लेने के लिए चिमन की होटल बुला रहे हैं।

इस पर पुलिस ने रणनीति बनाकर जाल बिछाया और जिशान को बताए गए स्थान पर भेजा। मौके पर जैसे ही आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ पहुँचे, पुलिस ने सभी को दबोच लिया और थाने ले आई। टीआई गिरीश दुबे ने बताया कि पीड़ित जिशान की रिपोर्ट पर आरोपियों फिज्जु, रजा और बिलाल के खिलाफ अड़ीबाजी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले की आगे जाँच जारी है।सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आरोपियों के मोबाइल में कई युवतियों और युवकों के आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो भी है और इन्हीं वीडियो, फोटो के चलते यह कई लोगों को ब्लैकमेल करते आ रहे हैं यदि पुलिस इनके मोबाइल को जब्त कर गंभीरता से जांच करेगी तो और भी कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। लिहाजा इन तीनों युवकों की गिरफ्तारी के बाद से ही दबी जुबान में शहर वासी पुलिसिया कार्रवाई को उचित बता रहे हैं।

# साध्वियों सहित समाजजनों ने बढ़ाया उत्साह, बाल संघपतियों ने नगर में निकाला पैदल संघ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रविवार को सुबह 9 बजे श्री महावीर श्वेतांबर जैन मंदिर गंज पावापुरी से श्री नेमिनाथ प्रभु मालव गिरनार आष्टा तीर्थ पर साध्वी नम्रव्रता श्रीजी मग्नव्रता श्रीजी एवं मीतव्रता श्रीजी के पावन सानिध्य एवं प्रेरणा से समाज के 41 बालक - बालिकाओं को संघपति बनाकर गाजे-बाजे के साथ न केवल अपने आराध्य स्थानों पर अपितु मां पार्वती धाम गौशाला पहुंच कर गौमाताओं को पूड़ी, लापसी ,कैला,चारा एवं खली खिलाई। तत्पश्चात आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर किला पर पहुंचे। सभी संघपतियों का साध्वी संघ के सानिध्य में बहुमान किया गया। सभी ने सामूहिक चैत्य वंदना की।

अद्भुत अकल्पनीय पैदल संघ यात्रा का आयोजन 28 सितंबर को साध्वी नम्रव्रता श्रीजी, मग्नव्रता श्रीजी एवं मीतव्रता श्रीजी की निश्रा एवं मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें 41 छोटे- छोटे बच्चे अलग- अलग आकर्षक पात्रों के रूप में संघपति बन कर पैदल संघ में यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे।गंज मंदिर में सभी बाल संघपतियों ने अपने हाथों में श्रीफल लेकर तीन प्रदक्षिणा देकर शुभ संकल्प किया कि प्रभु आप ऐसी कृपा बरसाना की हम बड़े होकर भविष्य में आपकी आज्ञानुसार आष्टा से पालीताणा, गिरनार जी सहित अनेक तीर्थो का छःरीपालित संघ निकाले।आज उसके प्रतीक स्वरूप यह संघ हम निकाल रहे हैं। चैत्यवंदना के पश्चात शुभ मुहूर्त में संघ प्रयाण के समय बाद संघपतियों का बहुमान तिलक लगाकर पगड़ी, मोतियों की माला पहनाने के लाभार्थी समाज के वयोवृद्ध सुश्रावक सुंदरलाल प्रदीप



बोहरा परिवार रहे।श्रीसीमंधर जिनदत्त धाम दादावाड़ी पर संघपतियों का ट्रस्टियों ने बहुमान किया। वहां जिनालय में चैत्यवंदना के पश्चात संघ गौशाला पहुंचा।चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी ने श्री मालव गिरनार तीर्थ श्वेताम्बर जैन किला मंदिर के उपाश्रय में आशीष वचन देते हुए कहा कि बाल्यकाल में दिए गए धर्म संस्कार आज नहीं तो कल इन्हें याद आएंगे ।अशुभ कर्मोदय से व्यक्ति का जीवन पतन के मार्ग पर जाता है और पुण्योदय व सुसंस्कारों से आपका जीवन उन्नत व उत्तम बनता है। संस्कारों के बिना जीवन अभिशाप बन जाता है।

साध्वी नम्रव्रता श्रीजी ने कहा हर माता-पिता का कर्तव्य होता है कि आप अपने बच्चों का जीवन संस्कारों से सुवासित करें।जैन धर्म में पैदल तीर्थ यात्रा का बहुत महत्व है और जो व्यक्ति अनेक पैदल तीर्थ यात्रियों को साथ लेकर तीर्थ यात्रा करता है। इन संस्कारो का बीजारोपण नई पीढ़ी में अभी से होगा तभी आज के सुसंस्कारित बच्चे कल के सच्चे जैन श्रावक और श्राविका बनकर समाज और धर्म को आगे ले जा पायेगें। आयोजन के बीच - बीच में लक्की ड्रा भी खोलकर उपस्थित जनो को पुरस्कृत किया गया ।जिसके लाभार्थी प्रमोद कुमार सुमित कुमार गौरव कुमार कोठारी परिवार रहा। अंत में कुछ बच्चों ने अपने शब्दों के माध्यम से सभा को संबोधित भी किया ।कई बच्चों की तुतलाती मनमोहक बालसुलभ बोली ने सबका मन मोह लिया।

अंत में भोजन प्रसादी के साथ आयोजन सम्पन्न हुआ ।आयोजन का संचालन प्रदीप धाड़ीवाल एवं पराग धाड़ीवाल द्वारा किया गया। आभार अतुल सुराणा द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष देशचंद वोहरा सहित पारसमल सिंघवी, कैलाश बोहरा, अशोक देशलहरा,रवीन्द्र रांका, नगीन सिंगी, निर्मल रांका, लोकेंद्र बनवट, मनोज ललवानी, विनीत सिंगी, नगीन डूंगरवाल, प्रवीण धाड़ीवाल, प्रताप चतरमुथा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनो एवं महिला मंडल के सदस्यों की उपस्थिति रही।

# नवरात्रि विशेषः हजारों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का केंद्र किशनगढ़ का भादवा माता मंदिर




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड ताल समीपस्थ गांव किशनगढ़ कढ़ाई भादवा माता मंदिर एक प्राचीन प्रसिद्ध एवं जन-जन की आस्था विश्वास का प्रमुख केंद्र है इस मंदिर की मान्यता है कि दर्शन मात्र से भक्तों की सभी मनोकामनाएं एवं वहा का जल परिक्रमा एवं आरती आदि करने से लखमा, कोढ़ रौग एवं अन्य रोगों से मुक्ति मिलती है यह मंदिर अति प्राचीन व प्रसिद्ध है यह मंदिर संगमरमर से बना है और महामाया की मूर्ति के चारों ओर नवदुर्गा की मूर्तियां स्थापित है जिससे ब्राह्मी महेश्वरी कुमारी वैष्णवी वाराही नरसी ही इंद्री शिव दत्ती एवं चामुंडा माता स्थापित है।

प्रतिवर्ष चैत्र और कार्तिक मास की नवरात्रि पर यहां विशाल रैली का आयोजन किया जाता है जिसमें दूर-दूर से भक्त शामिल होते हैं इस मंदिर को आरोग्य मंदिर भी कहा जाता है यह तीर्थ रूप है जो आरोग्यता प्रदान करता है भादवा माता मंदिर



समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बताया कि 29 तारीख को भादवा माता मंदिर में अति भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सुमधुर बैंड, ढोल, नगाड़े, फूलों की तोप, सैकड़ो महिलाएं मस्तक पर कलश धारण किए माता रानी की जय जयकार लगाते हुए चल रही थी महिलाएं,पुरुष, सहित हजारों संख्या में आसपास सहित दूर दराज के क्षेत्र से पधारकर श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। प्रतिदिन माता रानी के दरबार में 9 दिनों तक हवन पूजन एवं महाआरती के तत्पश्चात महाप्रसादी का अति भव्य आयोजन भादवा माता मंदिर समिति व



ग्रामीण जनों के सहयोग से किया जा रहा है। नवमी को पूर्णाआहुति होगी समिति द्वारा प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। किशनगढ़ कढ़ाई भादवा माता समिति द्वारा माता रानी की भव्य कलश यात्रा एवं विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए भक्तजनों का आभार माना गया एवं समिति द्वारा सभी भक्तों के लिए प्रार्थना की गई की माता रानी का आशीर्वाद सदैव आप पर बना रहे एवं आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो उक्त जानकारी नगर के सामाजिक कार्यकर्ता सचिन भंडारी ने दी।


रंग-बिरंगी रोशनी और झिलमिल आकर्षक सजावट से सजे माता रानी के दरबार

# शक्ति की भक्ति में डूबा नगर, पंडाल में हो रहे कई आयोजन









हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

शारदीय नवरात्रि का पावन त्यौहार नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्रि के पावन पर्व पर माता के भक्तों ने माता मंदिरों को आकर्षक झिलमिल रोशनी और कई जगह पर माता पंडालों रंग बिरंगी झिलमिल रोशनी से सजाया गया। जिससे नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बड़ा ही हर्ष का माहौल है। प्रतिदिन आरती में हजारों की संख्या में भक्त पहुंचकर शक्ति की शक्ति में डूबे भक्त,आरती का धर्म लाभ लेते एवं माता की भक्ति रूपी आशीर्वाद का लाभ लेते। नवदुर्गा उत्सव समिति माता मंदिर पठार पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया एवं प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। माता मंदिर बस स्टैंड कोठरी, बड़ा बाजार मां कामेश्वरी मंदिर भी आकर्षक रोशनी से सजाया, वहीं कोठरी की महारानी मां शारदा ग्रुप कोठरी, नव दुर्गा युवक दुर्गा उत्सव समिति पवन चौक कोठरी, नव दुर्गा उत्सव समिति लक्ष्मी चौक कोठरी, श्री आदर्श मंडल अम्बिका चौक छोटा बाजार कोठरी आदि जगहों पर माता के दरबार मंडलों द्वारा आकर्षक सजाए गए। प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचकर माता रानी की आरती में शामिल हो रहे एवं मंचों से संस्कृत और भजन संध्या के कार्यक्रमों की प्रस्तुति हो रही।

### हाथों से बनाई मां काली की प्रतिमा



**कोठरी।** नगर के क्रमांक 12 रहने वाले 16 वर्षीय ग्रीन फील्ड स्कूल में अध्यन करने वाले 10 वी कक्षा में पढ़ने वाले बालक सोनू मालवीय ने अपने घर में अपने हाथों से मां काली की आकर्षक प्रतिमा बनाई है। लगातार कई वर्षों से अपने हाथों से ही मूर्ति बनाकर विधि-विधान से पूजा कर रहे हैं।